## संक्षिप्त

### संविधान दिवस पर दिलाई शपथ

**निवाई।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टोंक के सचिव दिनेशकुमार जालूथरिया के निर्देशानुसार तालुका सेवा समिति निवाई द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निवाई व पहाड़ी में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विधिक जागरूक शिविर का आयोजन कर संविधान का उद्देश्य, संविधान का महत्व, संविधान में वर्णित मौलिक अधिकारों व मूल कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान छात्र-छात्राओं को संविधान की प्रस्तावना की शपथ भी दिलाई गई। इसी प्रकार गांव पहाड़ी में विधिक जागरूक शिविर का आयोजन किया गया जिसमें संविधान का उद्देश्य, मूल अधिकार, मूल कर्तव्य व संविधान का महत्व बताया गया। इस दौरान 25 लाभान्वित उपस्थित रहे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**राजगढ़।** मंडावर मार्ग पर झाकड़ा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। बाइक सवार युवक पिनान मार्ग से गांव बीदरका लक्ष्मणगढ़ जा रहा था। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बिदरका गांव निवासी सीताराम गुर्जर ने दर्ज कराया कि उसका छोटा भाई मुकेश 39 वर्ष पुत्र हरि नारायण गुर्जर सोमवार रात्रि को पिनान होकर अपने गांव लौट रहा था। जिसकी बाइक को झाकड़ा ग्राम के पास अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में उसके भाई मुकेश गुर्जर की मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा कर लाश परिजनों को सौंप दी

### गोदाम निर्माण कार्य का शुभारंभ

**दूदू ।** जिला मुख्यालय के भोजपुर रोड स्थित संचालित मंशापूर्ण बालाजी गौशाला में गायों के लिए चार गोदाम निर्माण कार्य का शुभारंभ भामाशाह द्वारा शुरू किया गया। गौशाला में सूखे चारे के भंडारण के व्यवस्था नहीं थी के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा था समस्या के समाधान के लिए भामाशाहों के सहयोग से निर्माण कार्य शुरू किया एवं भूमिका होगी

### दिव्यांगजनों को सम्बल प्रदान करने के लिए शिविर आज

**निवाई।** पंचायत समिति सभागार में बुधवार को दिव्यांगजनों को सम्बल प्रदान करने हेतु शिविर का आयोजन किया जाएगा। उपखंड अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया ने बताया कि दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग व उपकरण से लाभान्वित किए जाने हेतु पंचायत समिति मुख्यालय पर सुबह 10 से सांय 5 बजे तक चिन्हिकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अधिक से अधिक दिव्यांगजनों को लाभान्वित करने के लिए सभी स्थानीय जनप्रतिनिधि, पार्षद, सरपंच ग्राम विकास अधिकारी, हल्का पटवारी, एएनएम व आंगनबाडी कार्यकर्ता लोगों को शिविर तक आने के लिए प्रेरित करेंगे।

### संविधान दिवस मनाया

**निवाई।** राजकीय महाविद्यालय व कन्या महाविद्यालय निवाई में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना व मतदाता जागरूकता क्लब के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर दीपकराज जैन ने छात्र-छात्राओं को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। इस दौरान रूपा चौधरी ने संविधान की उद्देशिका का पठन किया।इसके पश्चात अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की कार्यकर्ता अनुपमा तिवारी ने संविधान विषय की वर्तमान प्रासंगिकता विषय पर लघु फिल्म, पोस्टर प्रदर्शनी व प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रीति ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक डॉ सीएल मीना सहित सभी संकाय सदस्य मौजूद थे।

### प्रदेश महासचिव बनने पर खुशी की लहर फैली

**मनोहरपर।** दलित ओबीसी माइनॉरिटीज एंव आदिवासी संगठनो का परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ उदित राज ने कर्तव्यनिष्ठ परिश्रमी ईमानदार दयालू सब के सुख दुख में काम आने वाले सबको साथ लेकर चलने वाले कांग्रेस के संगठन की नीति और नीति को बता कर अधिक से अधिक कांग्रेस में शामिल करने वाले मोहम्मद अयूब को प्रदेश का महासचिव नियुक्त किया है।

# संविधान दिवस पर हुई संगोष्ठी, प्रदर्शनी और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता



अतिरिक्त जिला कलेक्टर लालसोट मनमोहन मीणा ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

■ अतिथियों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया

**दौसा।** संविधान दिवस के अवसर पर मंगलवार को सूचना केन्द्र में संगोष्ठी, प्रदर्शनी और प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने भारतीय संविधान को जीवंत दस्तावेज बताते हुए कहा कि संविधान प्रत्येक देशवासी को सशक्त बनाता है। उन्होंने मौलिक अधिकारों के प्रति जागरूक होने के साथ मूल कर्तव्यों का पालन कर देश के विकास में भागीदार बनने का आह्वान किया। इससे पूर्व अतिथियों ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर लालसोट मनमोहन मीणा ने अपने उद्बोधन में भारतीय संविधान पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए बताया कि किस तरह संविधान सभा द्वारा संविधान तैयार किया गया। संविधान की विशेषताओं और उद्देश्य को भी रेखांकित करते हुए उन्होंने आह्वान किया कि प्रत्येक देशवासी को भारतीय संविधान के प्रति जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों एवं उपस्थित आम जन को मतदाता शपथ भी दिलाई। सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के सहायक निदेशक सोहनलाल ने सभी को संविधान दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए बताया कि किस तरह भारतीय संविधान हमें सशक्त बनाता है। संविधान में जिन अनुच्छेदों और सूचियों का उल्लेख किया गया है, वह प्रत्येक देशवासी के जीवन में उपयोगी वक्ता एवं उद्घोषक प्राचार्य कमला शर्मा ने कहा कि हमारा संविधान हस्तलिखित होने के साथ-साथ कठोर और लचीला भी है।इसमें सभी वर्गों और धर्मों का समावेश करते हुए सभी का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने आह्वान किया कि भारतीय संविधान में दर्शाये गये अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति भी भारतवासी जागरूक रहे।

उन्होंने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का पाठन करवाया। जिला स्वीप समन्वयक रामवीर चौधरी ने कविताओं के जरिये भारतीय संवधिान की रूपरेखा, उसका महत्व और विशेषताओं का उल्लेख करते हुए बताया कि किस तरह से भारतीय संविधान को लिखा गया। उन्होंने नव मतदाताओं से मतदाता सूची में नाम जुडवाने की अपील की। इस अवसर पर सहायक जनसम्पर्क अधिकरी छगन यादव, सहायक प्रशासनिक अधिकारी संदीप मीणा, अध्यापक कैलाश चंद मीणा, संजय राणा सहित पत्रकारगण, कॉलेज एवं स्कूल के विद्यार्थी व आमजन मौजूद रहे।

### भैंस चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**मानपुरा माचेड़ी ।** चंदवाजी थाना पुलिस ने भैंस चोरी के मामले में दो आरोपियों को जेल से प्रोटेक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया हैं।पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक आनन्द शर्मा ने बताया कि बालुराम पुत्र लाखाराम गुर्जर निवासी लखेर ने रिपोर्ट दर्ज करवायी थी कि रात्रि को मेरी भैंस व दो पाडी खोल करके कोई ले गया। मेरी गाय के रम्भाने पर मेरे को जाग हो गई। मैने देखा तो मौके पर मेरी भैंस व पाडी नहीं थी। मैंने टार्च से देखा तो एक भैस को पिकअप में लेकर भाग गये व दो पाड़ी छोड गये। आरोपियों की गिरफ्तारी व भैंस बरामद हेतु थानाधिकारी सुगन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर सूचना एकत्र कर व तकनीकी सहायता द्वारा प्रकरण में आरोपी कमलेश बावरिया व राजेश उर्फ गुल्ला बावरिया वांछित होना पाए गए जो वर्तमान में जेल में बंद थे।

## संविधान दिवस पर लोगों को जानकारी दी




संविधान दिवस पर बाबासाहेब को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

**सांभरझील, (निसं)।** भारत के संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने पर संविधान दिवस कार्यक्रम मनाया गया। पूर्व प्राचार्य डा. ज्ञान प्रकाश दायमा के सानिध्य में संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा को श्रद्धा सुमन मौजूद लोगों ने अर्पित किए। अंबेडकर भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने भारत के संविधान पर सागर्वित जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में भारतीय संविधान में कुल 395 अनुच्छेद, 25 भाग और 12 अनुसूचियां हैं। भारतीय संविधान में विभिन्न राजनीतिक दर्शन, नागरिकों के मूल अधिकार, नागरिकों के मूल कर्तव्य के अलावा विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच शक्तियों का विभाजन इत्यादि अनेक प्रावधानों को शामिल किया गया है।

भारतीय संविधान 22 भागों में विभजित है तथा इसमे 395 अनुच्छेद एवं 12 अनुसूचियाँ हैं। भारत के संविधान का मसौदा तैयार करने और उसे अंतिम रूप देने में 2 वर्ष 11 माह और 18 दिन लगे थे। भारतीय संविधान सभा की प्रथम बैठक वर्ष 1946 में 9 दिसंबर को हुई थी। संविधान बनाने में कुल 64 लाख रुपये खर्च हुए थे। एडवोकेट अखिलेश दायमा ने भी संविधान पर लोगों को जानकारी दी।

नए संशोधन के बारे में भी बताया। अंबेडकर चेतना समिति समिति के मुख्य संरक्षक प्रोफेसर डॉ.ज्ञान प्रकाश दायमा द्वारा संविधान की प्रस्तावना का भी वाचन कर संविधान की निष्ठा पूर्वक पालन करने की शपथ दिलवायी गई। समिति अध्यक्ष विनोद दुलारिया द्वारा भारतीय संविधान को सबसे पवित्र ग्रंथ बताया तथा संविधान का निष्ठा पूर्वक पालन करने का आव्हान किया।

### विद्यार्थियों को किया जागरूक

**निवाई।** पीएम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निवाई में कैरियर गाइडेंस और साइंस मैथ्स क्लब गतिविधि का आयोजन किया गया। प्राचार्या देवेंद्रपाल सिंह ने बताया कि साइंस मैथ्स क्लब गतिविधि विषय पर विशेषज्ञों की वार्ता का भी आयोजन किया गया जिसमें लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी पंजाब के एसिस्टेंट डीन डॉ. पुनीत मंगला, कंप्यूटर एप्लीकेशन विशेषज्ञ शिवकुमार शर्मा व निखिल सोगानी ने चर्चा की। शाला में वार्ताकार के रूप में मोहरपाल गुर्जर, विनोद कुमार जैन व त्रिलोक चंद जैन ने भी अपनी वार्ता रखी।

सभी वार्ताकारों ने विद्यार्थियों की रुचि अनुसार अपना कैरियर चुनने की सलाह दी। प्रधानाचार्य देवेंद्रपाल सिंह ने विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि सभी को अपने लक्ष्य का निर्धारण करते हुए उसे पाने तक कठिन परिश्रम करते रहना चाहिए।

## 'युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृति देश एवं समाज के लिये घातक है'



कलक्टर ने नार्को कोऑर्डिनेशन सैंटर की कमेटी की बैठक ली।

■ जिला नार्को कोऑर्डिनेशन सैंटर की जिला स्तरीय कमेटी की बैठक आयोजित

**कोटपूतली।** जिला नार्को कोऑर्डिनेशन सैंटर की जिला स्तरीय कमेटी की बैठक मंगलवार को जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल व पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत की संयुक्त अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने कहा कि युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृति देश एवं मानव समाज के लिये घातक है। इस नशे की प्रवृति पर अंकुश लगाने के लिये विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में वाद-विवाद, पोस्टर, चित्रकला, निबंध जैसी प्रतियोगिताओं तथा प्रभात फेरी के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाने के साथ-साथ इस प्रकार के नशे की सामग्री के रैकेट चलाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही करने की आवश्यकता है। इसी प्रकार बोर्डर, राज्य के नाकों से आने वाले वाहनों पर भी सघन जांच की कार्यवाही की जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इसके साथ-साथ बसों एवं ट्रेनों में भी सूचना मिलने पर तत्काल कार्यवाही संबंधित विभागों द्वारा आपसी तालमेल से की जायें। वहीं जो व्यक्ति नशे का आदी हो और नशे की प्रवृति से छुटकारा पाना चाहते है उनके लिये विशेष रूप से नशा मुक्ति केन्द्र का संचालन भी किया जाये। जिला कलक्टर कल्पना ने सीएमएचओ से कहा कि वह एक डीओ लेटर तैयार करवाकर चिकित्सा विभाग में प्रेषित करें। जिसमें जयपुर तथा अलवर के ड्रग कंट्रोलर के अधिकारियों की साप्ताहिक ड्यूटी जिला मुख्यालय पर देने के लिए निर्देशित किया जायें तथा ड्रग कंट्रोलर द्वारा अब तक की गई कार्यवाही से अवगत कराने के बारे में सीएमएचओ से कहा। जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे की प्रवृति से बचाना एवं एनडीपीएस के मामलों में कमी लाना है। उन्होंने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों से कहा कि वे इस संबंध में खुफिया जानकारी पुलिस से साझा करें।

पुलिस विभाग एनडीपीएस सामग्री के सीजर की कार्यवाही करने के साथ-साथ इस प्रकार के रैकेट चलाने वाले असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही करेगी। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा सूचना मिलने पर एनडीपीएस के प्रकरण दर्ज कर उन पर कार्यवाही की है।

## 'देश का भविष्य, संविधान के पन्नो में होता है'

**अलवर।** जिला कांग्रेस कमेटी अलवर की ओर से संविधान दिवस पर अम्बेडकर नगर स्थित नवनिर्मित पार्टी कार्यालय में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने कांग्रेसजनो को संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने कहा कि किसी भी देश का अतीत, इतिहास के पन्नो में होता है और देश का भविष्य, संविधान के पन्नो में होता है। संविधान की स्थापना का मूल उद्देश्य नागरिकों को उनके मौलिक अधिकार मिले, समाज में अंत्योदय हो, अंतिम पंक्ति में बैठे दलित,गरीब, शोषित और पीड़ित व्यक्तिका उद्धार हो। उन्होंने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस हमेशा संविधान में निहित मूल्यां के लिए खड़ी रही है।

पिछले एक दशक में, हमने भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा संविधान की नींव को कमजोर करने और सामाजिक न्याय, समानता और लोकतंत्र के प्रति इसकी प्रतिबष्द्धता को कम करने के व्यवस्थित प्रयासों को देखा है। जिलाध्यक्ष मिश्रा ने कांग्रेस पार्टी के 26 नवम्बर, 2024 से 26 जनवरी, 2025 तक संविधान की रक्षा और इसके सिद्धांतों के प्रति पार्टी के समर्पण पर जोर देने के लिए 60 दिवसीय संविधान रक्षक राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरुआत भी की। इस अभियान को जनता तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने के लिए जिले के सभी प्रमुख कांग्रेसजनों को संगठित होकर रैलियां, घर-घर जाकर सम्पर्क करने, मीडिया से जुडऩे और जमीनी स्तर पर चर्चाओं के माध्यम से लोगों के साथ जोडऩा है।

अंत में पूर्व विधायक श्रीराम मीणा, उमरैण ब्लॉक के पूर्व अध्यक्ष श्री लालजी यादव एवं 26/11 मुंबई आतंकी हमले के शहीदों को मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, अजीत यादव, गफूर खान, इम्तियाज,फूलचंद शर्मा, रिपु दमन गुप्ता, शहर अध्यक्ष जे.डी. आर्यन, हरिशंकर रावत, जीत कौर सांगवान, लीली यादव,डॉ. पायल चौधरी, राजेश कृष्ण सिद्ध, अनवर साजिद खान, रमन सैनी, विक्रम यादव, राजेश विरमानी, कृष्ण कुमार खंडेलवाल,राजेश सैनी, संजय शुक्ला, सोनू गोपालिया, के.सी.मीणा, सुंदर पटेल, बी.डी.गुप्ता, योगेश शर्मा, नंद किशोर वर्मा, जमशेद खान, दिनेश जाटव, स्वराज सिंह, मनीष कोली, सरबजीत सिंह, चतुर्भुज यदुवंशी, प्रेम सिंह मीणा, राधेश्याम मीणा, संदीप सैनी, हुकुम सिंह, राकेश शर्मा, सहित अनेक कांग्रेसी मौजूद थे।

## मण्डल रेल प्रबन्धक विकास पुरवार ने फुलेरा जंक्शन का किया निरीक्षण



प्रबन्धक मण्डल पुरवार ने डीआरएम को मांग पत्र सौंपते हुए ।

■ शिष्ट मण्डल ने विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपे

**फुलेरा ।** जयपुर मण्डल रेल प्रबन्धक मण्डल विकास पुरवार ने मंगलवार को दोपहर 2 बजे रेल अधिकारियों के साथ फुलेरा स्टेशन पर करीब 34 करोड़ की लागत से चल रहे अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रनिंग रूम रेलवे इको पार्क, सामुदायिक भवन सहित निर्माणाधीन बिल्डिंग का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दियेवहीं दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत फुलेरा के अध्यक्ष अशोक वासदेव के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक लिखित मांग पत्र सौंपा गया। जिसमें मुख्य रूप से मांग की गई कि जयपुर-भोपाल, भोपाल जयपुर ट्रेन 19711,19712 यह ट्रेन रेल प्रशासन द्वारा आगामी 29 नवम्बर से कनकपुरा स्टेशन से चलने का प्रस्ताव लिया गया है। वहीं मांग पत्र में आगे बताया कि प्रतिदिन काफी संख्या में दैनिक रेल यात्री इस ट्रेन में ही यात्रा करते है।

जो कि प्रशासन द्वारा इस ट्रेन को करीब डेढ़ महीने तक कनकपुरा रेलवे स्टेशन से संचालित करने का प्रस्ताव है। इसके चलते संघ द्वारा मांग की गई कि इस ट्रेन को इस दौरान जयपुर स्टेशन या खातीपुरा रेलवे स्टेशन से चलाया जाये। वहीं आगे मांग की गई कि अमृत भारत योजना के तहत रेलवे स्टेशन पर जो कार्य चल रहा है वह काफी धीमी चल रहा है। जिससे रेलवे स्टेशन पर आने जाने वाले दैनिक रेल यत्रियों व आम यात्रियों को काफी समस्याओं सामना करना पड़ रहा है। इस सम्बन्ध में रेल मण्डल प्रबन्धक से मांग की गई कि उक्त कार्य को जल्दी पूर्ण करवाया जाये। इसी क्रम में मांग पत्र में बताया कि अजमेरी गेट स्थित गेट नम्बर एलसी 1पर प्रशासन द्वारा अण्डरपास का निर्माण कार्य शुरू किया गया था। परन्तु काफी समय से वह बन्द किया जा चुका है। इस सम्बन्ध संघ द्वारा इसे पुनः चालू करने की मांग की गई। जिस पर डीआरएम द्वारा बताया गया अण्डरपास के तहत कुछ समस्याएं आ रही थी। इसके लिए मीटिंग हो चुकी है।

इस अवसर पर सीनियर डीएसटीई किशन स्वरूप, एडीआरएम संजीव दीक्षित, सीनियर डीईई शिवराज, सीएलआई लोकेन्द्र सिंह, सीनियर डीएमई अरुण कुमार, सीनियर डीएन महेश कुमार मीणा, सीनियर डीसीएम के.के मीणा, एडीएसो राधामोहन, स्टेशन अधीक्षक सतीश कुमार, रेलवे सुरक्षा बल निरीक्षक राजेश सिंह, जीआरपी थाना प्रभारी गुलजारी लाल सहित प्रतिनिधि मण्डल में अध्यक्ष अशोक वासदेव, जेडआर यू सी सी मेम्बर भारत भूषण शर्मा, संरक्षक शक्ति सिंह, मनीष गगरानी सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

### संविधान दिवस मनाया

**चाकसू।** स्थानीय राजकीय कन्या महाविद्यालय चाकसू में आज संविधान दिवस मनाया गया। संविधान दिवस के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम रखा गया, जिसमें प्रथम स्थान पर कोमल यादव तृतीय वर्ष रही और लक्ष्मी कंवर प्रथम वर्ष द्वितीय स्थान पर रही। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए एल कुलहरी ने विजयी छात्राओं को कलम देकर सम्मानित किया। संविधान दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए एल कुलहरी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज ही के दिन 26 नवंबर 1949 को स्वतंत्र भारत में 284 सदस्यों वाली संविधान सभा के द्वारा तैयार नवीन संविधान को अंगीकार कर राष्ट्र को समर्पित किया गया। भारत सरकार द्वारा 26 नवंबर 2015 को संविधान निर्माण के मुख्य शिल्पी और संविधान प्रारूप समिति के अध्यक्ष बाबासाहेब भीमराव रामजी अंबेडकर के योगदान की स्मृति में संविधान दिवस मनाने का निर्णय लिया गया।संविधान दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य भारत के नागरिकों को संविधान के प्रति सचेत करना एवं समाज में संविधान के महत्व का प्रसार करना है।

## सार-समाचार

### हथियार से फायरिंग कर सोशल मीडिया पर वीडियो रील डालना पड़ा भारी



**पावटा।** दो बाइको पर चार लड़को का हथियार से फायरिंग कर आम लोगो मे भय व्यापत करना एक युवक को महंगा पड़ गया। युवक ने फायरिंग करते हुए अपना वीडियो इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दिया था। इसकी सूचना मिली तो प्रागपुरा थाना पुलिस ने मंगलवार को युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक कोटपुतली बहरोड राजन दुष्यंत ने बताया कि जिले मे हथियार रखने वालो व सोशल मीडिया पर हथियार सहित रील अपलोड करने वालो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान को सफल बनाने के लिए प्रभावी कार्यवाही करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा के निर्देशन एंव वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत के सुपरविजन व प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश कुमार के नेतृत्व मे थाना प्रागपुरा पर गठित टीम द्वारा हथियार रखने वालो व सोशल मीडिया पर हथियार सहित रील अपलोड करने वाले बदमाशो को चिंहित कर कार्यवाही करने के लिए सतत निगरानी रखते हुए उनकी गतिविधियों पर नज़र रखते हुए अमित सिंह पुत्र अशोक सिंह निवासी दय राम सिंह की ढाणी तन बेरी का अपने साथियों के साथ बाइक पर फायरिंग करते हुए वीडियो वायरल हो रहा था। जिस संबंध मे कांस्टेबल रितेश कुमार द्वारा तथ्य व साक्ष्य एकत्रित करते हुए तहरीर पेश की जिस पर मामला पंजिबद्ध कर अमित सिंह पुत्र अशोक सिंह निवासी दयराम सिंह की ढाणी तन बेरी को गिरफ्तार किया किया गया। घटना का विवरण बताते हुए प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि कांस्टेबल रितेश अपने मोबाइल पर व्हाट्सएप मैसेज चेक कर रहा था तभी व्हाट्सएप पर एक मुखबिर खास द्वारा कांस्टेबल रितेश के मोबाइल पर इंस्टाग्राम आईडी का एक वायरल वीडियो व एक फोटो भेजा व बताया कि उक्त विडियो फोटो अमित सिंह पुत्र अशोक सिंह निवासी दयराम सिंह की ढाणी तन बेरी बांध का है। ज्यों हथियार सहित फायरिंग कर रहा है। इस विडियो को खोलकर देखा गया तो दो बाइको पर चार लड़के का फिल्मी अंदाज में हथियार से फायरिंग करते हुए जा रहे है। ग्रामीणों ने बताया कि यह वीडियो अमित सिंह पुत्र अशोक सिंह का है ज्यों अन्य जानकारी के साथ बाइक पर बैठे हैं व आम लोगों में भय व्याप्त करने के लिए व उसके जान कार बदमाशो के हथियार विक्रय करवाने के लिए अपनी खुद की आईडी से सोशल मीडिया पर वायरल कर आगे से आगे प्रसारित करवा रहा है। जिस पर प्रार्थना थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

### सफाई कर्मचारियों में रोष व्याप्त

**मनोहरपुर ।** शहर की नगर पालिका में कार्यरत सफाई ठेकेदार को पिछले 4 माह से बकाया भुगतान नहीं किया जा रहा है जिसके चलते सफाई कर्मचारियों को वेतन मिलना बंद हो गया है। जिससे सफाई कर्मचारियों वह एक बार फिर से हड़ताल पर लौट सकते है। जानकारी के अनुसार नगर पालिका में अधिशासी अधिकारी प्रवीण कुमार शर्मा का स्थानांतरण होने के बाद तहसीलदार नीलम राज को नगर पालिका का कार्यकाल सोपा गया था। तहसीलदार ने पदभार ग्रहण कर लिया था उसने बताया कि दीपावली की सजावट दीपावली पर उसके द्वारा की गई सजावट की बिलों का भी भुगतान नहीं किया गया। इसको लेकर बिलों के भुगतान के संबंध में जब भी तहसीलदार से बात की जाती है वह वह बिलों का भुगतान करने के लिए असमर्थता जताते हैं।सफाई कर्मचारियों को वेतन नहीं मिलने से उन्होंने ठेकेदार को कार्य का बहिष्कार कर धरना देने की चेतावनी भी दी है।

### सांस्कृतिक व देश भक्ति कार्यक्रम हुआ

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम रामसिंहपुरा रोड़ स्थित उप कारागृह में मंगलवार को सामाजिक कार्यकर्ता रतनलाल शर्मा द्वारा सांस्कृतिक व देश भक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। जेलर प्रेमप्रकाश मीणा ने निर्दोष लोगों पर फायरिंग करने वाले पाकिस्तान के आतंकवादियों की कड़े शब्दों में निंदा की। लक्ष्मीनारायण व उनकी टीम ने देश भक्ति गीतों व भजन की प्रस्तुति से जेल परिसर को देश भक्तिमय बना दिया। सामाजिक कार्यकर्ता शर्मा ने कैदियों को भारतीय संविधान दिवस की शुभकामनायें दी। इस अवसर पर सभी बदीयों को संविधान को साक्षी मानकर प्रतिज्ञा दिलाई कि भविष्य में ऐसा कोई गलत कार्य नहीं करेंगे जो हमको इसी जगह पर आना पड़े। जिससे परिवार व समाज में हमारा नाम कलंकित हो। इस दौरान सतीश शर्मा, डॉ. सुरेंद्र कुमार, उपेंद्र, महिपाल, विष्णु, मनोज समेत अन्य मौजूद रहे।

### गौशाला में गायों को गुड़ खिलाया

**सावरदा।** श्री राधा कृष्ण गौशाला में गाय को खिलाया गुड, कस्बे के नरेना रोड पर स्थित श्री राधा कृष्ण गौशाला मे मंगलवार को गौशाला मे महेंद्र दाधीच ने अपनी माताजी सावित्री देवी की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य पर गौशाला में गायों को गुड़ खिलाया। साथ ही गौशाला में गौ सेवा के लिए 21 हजार रूपए का सहयोग किया। इस दौरान पं. दुर्गादत्त शर्मा ने बताया कि मानव जीवन मे गौ सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। भामाशाह को गौ सेवा मे विभिन्न घोषणा के लिए बढ़-चढ़कर आगे आना चाहिए। दौरान श्योनारायण रियाड, छोटू कुमावत, सत्य नरायण, दिनेश शर्मा आदि मौजूद थे।

### राधा वल्लभ मिश्रा प्रदेश सचिव बने

**सांभरझील ।** अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शिवचरण शर्मा की अभिशंसा और राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पद्माकर द्विवेदी के अनुमोदन के पश्चात समाजसेवी व एडवोकेट राधावल्लभ मिश्रा को प्रदेश सचिव पद पर नियुक्त किया गया है राष्ट्रीय सचिव संतोष तिवारी ने मिश्र को भेजें अपने संदेश में कहा कि आपकी विद्वता वह अनेक क्षेत्रों में दिए गए योगदान के लंबे अनुभव और सब को साथ लेकर चलने की योग्यता से संगठन को निश्चित रूप से मजबूती मिलेगी। एडवोकेट राधा वल्लभ मिश्रा की नियुक्ति पर कुलदीप मिश्रा, प्रीतम जोशी, व्याख्याता मनोज मिश्रा, दीपक कुमार , पत्रकार महेंद्र पारीक ,चंद्रशेखर शर्मा, वेध कैलाश चंद्र मिश्र, विनोद कुमार गौड़, सुरेश खंडेलवाल, ओमप्रकाश पाराशर आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की

### संविधान दिवस मनाया

**गोविंदगढ़ /अलवर ।** कस्बे के राजकीय महाविद्यालय गोविंदगढ़ में 75 वे संविधान दिवस के अवसर पर अवसर पर सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट जज नीतू गुप्ता ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया और विद्यार्थियों को शपथ दिलाई प्राचार्य प्रोफेसर लक्ष्मीकांत शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय विधि दिवस के उपलक्ष में राजकीय महाविद्यालय गोविंदगढ़ में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया । इस अवसर पर नालसा द्वारा नागरिकों की मुफ्त सहायता हेतु टोल फ्री नंबर 15100 जारी किया गया कार्यक्रम में लक्ष्मी नारायण मीणा, श्रीकांत पाठक राजेश कुमार शर्मा पूरणमल शर्मा तथा तालुका विधिक सेवा समिति के पी एल वी अनिल कुमार, नजीर संजय माथुर उपस्थित रहे ।

### ट्रेलर ने खड़ी पिकअप को टक्कर मारी

**बौंली-बामनवास।** क्षेत्र से गुजर रहे 8 लाइन दिल्ली- मुंबई एक्सप्रेसवे पर हिंदूपुरा गांव के पास मंगलवार को सुबह एक अनियंत्रित ट्रेलर ने रोड सेफ्टी पिकअप वाहन को टक्कर मार दी इस सड़क दुर्घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । सुबह दिल्ली- मुंबई एक्सप्रेसवे पर रोड सेफ्टी पिकअप देख-रेख करने को साइड में खड़ी थी इसी दौरान एक अनियंत्रित ट्रेलर आया व पिकअप को टक्कर मार दी।